# जनसुविधाओं का नहीं रखा ध्यान

## राजमार्ग पर नहीं है सुलभ काम्प्लेक्स सुविधा

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां सड़क मार्गों को बेहतर बनाने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। एक्सप्रेस हाइवे भी सुलभ यात्रा और जन सुविधाओं को लेकर बनाये जा रहें हैं ।साथ ही संपूर्ण भारत वर्ष में स्वच्छता अभियान के तहत जहां तहां सुलभ काम्प्लेक्स सुविधा घरों की व्यवस्थायें मुहैया कराई जा रही है। वहीं दूसरी तरफ भारत वर्ष के सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 झांसी नागपुर और राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर जयपुर को जोड़ने वाले सड़क मार्ग राजमार्ग चौराहे पर सुलभ काम्प्लेक्स की



फाइल फोटो

सुविधा ना होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के समय निर्धारित मापदंडों के आधार पर भूमी तो अधिकृत कर ली गई है लेकिन जन सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतान पड़ रहा है इस राजमार्ग चौराहे पर प्रतिदिन हजारों वाहन निकलते हैं। और सागर नरसिंहपुर जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग से आने वाली विभिन्न यात्री वाहनों के यात्रियों को बस स्टैंड पर बसों के रुकने पर लघु संका हेतु यहां वहां भटकना पड़ता है दिन के समय चौराहा पर दुकानें खुल जाने वाहनों की आवाजाही के बीच लघु संका नहीं कर पाते हैं। यहां पर एक सर्व सुविधायुक्त सुलभ काम्प्लेक्स की नितांत आवश्यकता है।

### पानी के लिए केवल एक मात्र हेडपंप

यह राजमार्ग चौराहा लोलरी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है। हेडपंप लगाया गया था जिसका उपयोग यहां के दिहाड़ी दुकानदारों के साथ यात्रियों बाजार में आने वाले दुकानदार किया करते हैं। यदि एन एच आई के अधिकारियों द्वारा ध्यान दे दिया जाये तो इस स्थान पर एक सुंदर व्यवस्थित प्रसाधन घर और इस हेडपंप में विद्युत मोटर बालक डालकर ऊपर टंकी रखकर पेयजल व्यवस्था भी सुलभ कराई जा सकती है।

# नि:शुल्क साईकिल वितरण योजना

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल ने शासकीय हाई स्कूल चिरहकलां में मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत 78 छात्र एवं छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं होता। आप मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें। यह साइकिल आपको विद्यालय तक पहुँचने में सुविधा प्रदान करेगी और आपके उज्ज्वल भविष्य की राह को और अधिक सरल बनाएगी।

# खुली नाली बनी मुसीबत, गाय गिरी, घंटों बाद निकाली गई

**कड़ी मशक्कत के बाद गाय को बाहर सुरक्षित निकाला**

**नवभारत/ गोटेगांव।** नगर पालिका की लापरवाही के चलते नए बस स्टैंड स्थित इंजीनियर रोहित जैन के घर के सामने बनी खुली नाली एक गाय के लिए जानलेवा बन गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को एक गाय अचानक नाली के खुले हिस्से में गिर गई और फंस गई। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने रस्सी और अन्य संसाधनों की मदद से कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाला। राहत की बात यह रही कि गाय को गंभीर चोट नहीं आई।



### खुली नालियां बन रही हैं खतरा

वार्डवासियों का आरोप है कि यह नाली काफी समय से खुली पड़ी है। इसके ढक्कन टूटे हुए हैं और बारिश में यहां कीचड़ व पानी भर जाता है। कई बार नगर पालिका में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने मांग की है कि शहर में ऐसी सभी खुली नालियों को तत्काल ढका जाए, ताकि भविष्य में इंसानों या मवेशियों के साथ कोई बड़ा हादसा न हो।

## एक नजर में

### जिले में अब तक 161.20 मिमी अर्थात 6.34 इंच वर्षा दर्ज

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 8 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 161.20 मिमी अर्थात 6.34 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 8 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 16.80 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 21 मिमी, गाडरवारा में 6, गोटेगांव में 10 मिमी, करेली में 14 मिमी और तेंदूखेड़ा में 33 मिमी वर्षा आंकी गई है। तहसीलदार भू-संसाधन एवं प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 184 मिमी, गाडरवारा में 179 मिमी, गोटेगांव में 75 मिमी, करेली में 116 और तेन्दूखेड़ा में 252 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 462.40 मिमी वर्षा हुई थी।

### शंकर वार्ड नरसिंहपुर में शिविर हुआ आयोजित

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में नरसिंहपुर के शंकर वार्ड में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं श्रम योगी मानधन योजना के तहत पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्रक्रिया के लिए आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए गए। शिविर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित नागरिकों को दोनों योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। पात्र हितग्राहियों से आवेदन के लिए दस्तावेज एकत्रित किए गए, ताकि उनका शीघ्र परीक्षण कर उन्हें योजनाओं से लाभांवित किया जा सके।

### स्वास्थ्य सेवाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमना का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सेवाओं और विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. मिश्रा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि सभी गर्भवती महिलाओं की निर्धारित समय पर चार एएनसी जांच सुनिश्चित की जाए।

### एक क्लिक में पाएं जिले की हर आधिकारिक अपडेट मोबाइल पर

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिले के नागरिकों तक शासन की योजनाओं, विकास कार्यों, प्रशासनिक गतिविधियों, महत्वपूर्ण सूचनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा अन्य आधिकारिक जानकारियों को त्वरित, प्रमाणिक एवं सरल माध्यम से पहुंचाने के उद्देश्य से जिला जनसम्पर्क कार्यालय, नरसिंहपुर द्वारा आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल संचालित किया जा रहा है। इस व्हाट्सएप चैनल के माध्यम से जिले की महत्वपूर्ण खबरें, प्रेस विज्ञप्तियां, शासकीय योजनाओं की जानकारी, प्रशासनिक निर्णय, फोटो, वीडियो तथा अन्य आवश्यक अपडेट सीधे आपके मोबाइल पर उपलब्ध होंगे।

# वन महोत्सव सप्ताह मनाया गया

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर में प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह के निर्देशन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्र इकाई) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित ताम्रकार पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ जी एस मर्सकोले के मार्गदर्शन में नियमित गतिविधियों के अंतर्गत 01 जुलाई से 07 जुलाई 2026 तक वन महोत्सव सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर हरियाली का संदेश ङ्क पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ विषय पर डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें ह्रस्र स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आकर्षक पोस्टर तैयार किए। दलनायक दिनेश अग्रवाल एवं सहदलनायक




विवेक साहू के नेतृत्व में स्वयंसेवक विनित पटैल, रूपेश नामदेव, दिव्यांश ताम्रकार, योगेश यादव, छात्रा गरिमा पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वहीं छात्र वीनीत पटैल , रूपेश नामदेव, और गरिमा पाण्डेय ने सर्वश्रेष्ठ तीन पोस्टर वनाए।

# कीचड़, गंदगी और बदबू के बीच घुट रही बौछार मंडी

**नवभारत/ गोटेगांव।** बरसात आते ही ग्राम पंचायत बौछार की सच्चाई कीचड़ में डूब जाती है। यहां स्थित मंडी कार्यालय और साप्ताहिक सब्जी बाजार तक पहुंचने के लिए हर नागरिक को पहले कीचड़, पानी और गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। बरसात के चार महीने लोगों के लिए किसी सजा से कम नहीं। रास्ता पूरी तरह दलदल बन जाता है। पैर फिसलते हैं, कपड़े खराब होते हैं और बीमारी का खतरा अलग। फिर भी जनप्रतिनिधियों की आंखों पर पट्टी बंधी है। सबसे शर्मनाक बात ये है कि इसी रास्ते से कुछ ही दूरी पर दो पंच महोदय यानी जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों के आवास भी हैं। रोज इसी कीचड़ को देखकर भी वे अनदेखा कर देते हैं।



### दुर्दशा सुरसा की तरह बढ़ रही

सब्जी मंडी दाना गंज के अंदर आज भी बड़ा हिस्सा कच्चा, खरपतवार और गंदगी से भरा पड़ा है। बदबू इतनी है कि ग्राहक नाक बंद कर खरीदारी करते हैं। दुकानदारों का कहना है कि बरसात में तो ग्राहक ही नहीं आते। बाजार में आने वाले किसानों, दुकानदारों और आसपास के नागरिकों ने ग्राम पंचायत बौछार से मांग की है कि मंडी तक जाने वाले रास्ते पर तुरंत सीमेंट-कंक्रीट का फर्श डलवाया जाए। यह अब कोई मांग नहीं, बल्कि मूलभूत आवश्यकता बन गई है। लेकिन सवाल वही है - क्या जिम्मेदारों के कान बहरे और आंखें अंधी हो गई हैं या फिर जनता की परेशानी तब तक नहीं दिखेगी जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए।

# एससी सलाहकार समिति का पुनर्गठन विधायक महेंद्र नागेश बने अध्यक्ष

**नवभारत/ गोटेगांव।** नरसिंहपुर अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण और विकास कार्यों को गति देने के लिए जिला स्तरीय अनुसूचित जाति सलाहकार एवं निगरानी समिति का पुनर्गठन किया गया है। कलेक्टर, जनजातीय कार्य विभाग नरसिंहपुर द्वारा मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जारी आदेश में विधायक महेंद्र नागेश को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पुनर्गठित समिति में कलेक्टर नरसिंहपुर सहित जिला पंचायत, नगर पालिका, जनपद पंचायत एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को सदस्य बनाया गया है। वहीं जिला संयोजक, जनजातीय कार्य विभाग नरसिंहपुर समिति के सदस्य सचिव के रूप में कार्य देखेंगे।



समिति का मुख्य काम अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, शिकायतों का समय पर निराकरण और शासन की योजनाओं की नियमित समीक्षा एवं निगरानी करना है। जिले में समिति के पुनर्गठन से उम्मीद जताई जा रही है कि अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की सुरक्षा बेहतर होगी और विकास कार्यों को नई रफ्तार मिलेगी।

# करेली में 16 जुलाई तक वार्डवार जनकल्याण शिविर

**नवभारत/करेली।** पात्र हितग्राहियों तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने, ई-केवायसी और लंबित पंजीयन कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद करेली द्वारा 8 से 16 जुलाई 2026 तक वार्डवार जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। अभियान की शुरुआत बुधवार को पुरानी गल्ला मंडी में आयोजित शिविर से हुई। इसके बाद 9 जुलाई को महाराणा प्रताप स्कूल में हनुमान वार्ड एवं निरंजन वार्ड, 10 जुलाई को सीएम राइज स्कूल में राजेंद्र वार्ड एवं गणेश वार्ड, 13 जुलाई को नगर पालिका प्राथमिक शाला क्रमांक-1 में राधावल्लभ वार्ड एवं लक्ष्मीनारायण वार्ड, 14 जुलाई को सोमवार बाजार स्थित



पंडित महादेव प्रसाद तिवारी भवन में राम वार्ड एवं नरसिंह वार्ड, 15 जुलाई को महात्मा गांधी कॉलेज में महेंद्र वार्ड एवं महादेव वार्ड तथा 16 जुलाई को मंगल भवन (करेली बस्ती, गाडरवारा रोड) में शास्त्री वार्ड, अंबेडकर वार्ड एवं महात्मा गांधी वार्ड के नागरिकों के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे पात्र श्रमिकों का पंजीयन किया जाएगा, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपए या उससे कम है। इसके अलावा संबल कार्ड एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल के लंबित आवेदनों का पंजीयन भी किया जाएगा।

# बारिस के मौसम में उबालकर, छानकर या आरो का पानी पिये

**शुरुआत का यह दूषित पानी हमारे लिए पीड़ा दायक हो जाता है।**

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** हाल ही में लगातार वारिस के चलते बरसात का पानी जहां तहां भर गया है ।यही बरसात का पानी जलस्त्रोतों में पहुंचता है। जिसे हम हम हेंडपंपो के माध्यम से पीने के उपयोग में लेते हैं। शुरुआत का यह दूषित पानी हमारे लिए पीड़ा दायक हो जाता है। बहुत सी बीमारियां केवल पानी से ही उत्पन्न होती है। इसलिए हमें पानी को उबालकर छानकर या आरो का पानी उपयोग में लेना चाहिए। बरसात के दिनों में अक्सर कर पेट दर्द आंव पेचिस उल्टी-दस्त के मरीज अधिकांशत: अस्पतालों में देखने को मिला करतें हैं। छोटी-छोटी



सी बातों को ध्यान में रखकर यदि सुधार हो जाता है तो हम विभिन्न प्रकार की व्याधियों से बच सकते हैं ।इन सभी विषयों को लेकर ब्लाक मेडीकल आफीसर डा राजकिशोर पटेल ने हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि कि ग्रामीण क्षेत्रों में दूषित पानी की बहुत ज्यादा समस्या बढ़ जाती है ।जल स्त्रोतों के आस पास जमा होने फिर वही



पानी रिचार्ज वापिस आने उसी को पीने से समस्या बनती है। लोगों को चाहिए कि पानी को उबालकर छानकर या आरो का पानी पियें । अक्सर कर उल्टी-दस्त आंव पेचिस पेट दर्द की शिकायतें बढ़ती है। लोगों को चाहिए अपने इर्द-गिर्द साफ सफाई बनाकर रखें। भोज्यपदार्थ सामग्री को ढककर रखें। चाट नाश्ता की दुकानों पर सामग्री को ढक कर रखनी चाहिए मक्खियों को बिल्कुल बैठने ना दें ।ऐसी स्थिति में संक्रामक बीमारियों को बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है।

### जलभराव नहीं हो और मच्छरों को नहीं पनपने दें

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा दामोदर जाटव का कहना है कि बरसात के दिनों में अक्सर कर जल भराव की स्थिति सामने देखने को मिला करती है ।जल भराव से मच्छर पनपते हैं। जिनसे मलेरिया और डेंगू जैसे मच्छर बढ़ते हैं ।इनके काटने से डेंगू और मलेरिया बुखार बढ़ने की समस्या बढ़ जाती है ।इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। तत्काल समीप के अस्पताल में जांच करानी चाहिए। और समुचित इलाज लेना चाहिए।

# कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले के किसानों से ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उ?द का समर्थन मूल्य पर उपार्जन का किया जा रहा है। जिले में पंजीकृत किसानों एवं पंजीकृत रकबे के आधार पर निर्धारित किए गए उपार्जन केन्द्रों में सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से उपार्जन का कार्य सतत रूप से जारी है। इस संबंध में कलेक्टर रजनी सिंह ने सभी संबंधित उपार्जन समितियों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। विशेष रूप से मानसून के दौरान संभावित वर्षा को देखते हुए तिरपाल सहित सुरक्षित भंडारण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं, जिससे किसानों की उपज सुरक्षित रहे और उपार्जन प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने बताया कि उपार्जित मूंग एवं उ?द का भुगतान जेआईटी पोर्टल के माध्यम से सीधे किसानों के आधार से लिंक बैंक खातों में किया जाएगा, जिससे भुगतान की प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध बनी रहे। ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन का कार्य निर्धारित 10 अगस्त 2026 तक किया जाएगा। किसानों से अपील की गई है।

# बंद पड़े हैंडपंपों की मरम्मत, नप ने कराई साफ-सफाई

**राहगीरों व स्थानीय नागरिकों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल**

**नवभारत/साईखेड़ा।** नगर में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा बंद पड़े एवं खराब हैंडपंपों की मरम्मत कर उन्हें पुन: चालू कराया गया। साथ ही हैंडपंपों के आसपास साफ-सफाई भी कराई गई, जिससे नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। नगर परिषद की पहल के तहत झिकोली रोड पर लंबे समय से खराब पड़े हैंडपंपों को तकनीकी कर्मचारियों द्वारा सुधारकर चालू किया गया। हैंडपंपों के आसपास जमी गंदगी को हटाकर परिसर



की सफाई भी कराई गई, जिससे पानी भरने आने वाले लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि गर्मी और बरसात के मौसम में सार्वजनिक हैंडपंपों का चालू रहना अत्यंत आवश्यक है। इससे राहगीरों एवं आसपास के रहवासियों को पेयजल की सुविधा आसानी से उपलब्ध होगी। नगर परिषद ने बताया कि नगर के अन्य खराब हैंडपंपों का भी सर्वे कराया जा रहा है। जहां-जहां मरम्मत की आवश्यकता होगी, वहां शीघ्र सुधार कार्य कराकर सभी सार्वजनिक पेयजल स्त्रोतों को सुचारु रूप से संचालित किया जाएगा, ताकि नगरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# ई-केवायसी और योजनाओं के पंजीयन के लिए आज लगेंगे शिविर

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिले में विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी, समग्र ई-केवायसी एवं विभिन्न योजनाओं के लंबित पंजीयन कार्यों को पूर्ण करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार 9 जुलाई को जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शहरी क्षेत्र में नगर पालिका गाडरवारा के इंदिरा एवं आजाद वार्ड, नगर पालिका नरसिंहपुर के निरंजन एवं महाजनी वार्ड, नगर पालिका करेली के हनुमान एवं जयप्रकाश वार्ड, नगर पालिका गोटेगांव के भगत सिंह एवं बोस वार्ड, नगर परिषद तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 3 (भीमराव अंबेडकर) एवं वार्ड क्रमांक 4 (दीनदयाल उपाध्याय) सहित नगर परिषद चीचली, सालीचौका एवं सांईखेड़ा के वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत बम्हौरी, बारहा छोटा, बरमानकलां, बांसादेही एवं बसेड़ी, जनपद पंचायत नरसिंहपुर की बम्हनी, बरहटा, बरोदा एवं बासनपानी, जनपद पंचायत सांईखेड़ा की बम्हौरी कला, वनखेड़ी, बांसखेड़ा, बनवारी एवं बरेली तथा जनपद पंचायत चांवरपाठा की बंधी, बरमानखुर्द, बीतली, भामा एवं बांसखेड़ा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे।

**अभियान** | कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक डॉ. मीणा की मौजूदगी में सेफ क्लिक-2.0 अभियान का हुआ समापन

# नरसिंहपुर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** प्रदेशव्यापी सेफ क्लिक-2.0 अभियान के सफल समापन अवसर पर कलेक्टर रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा की विशेष मौजूदगी में एमआईएमटी कॉलेज नरसिंहपुर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता की। कार्यक्रम में जिले के एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों ने भी सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने




विद्यार्थियों को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के नए-नए तरीकों जैसे डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग लिंक, फर्जी एसएमएस एवं ई-मेल, यूपीआई एवं ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी केवायसी अपडेट और ऑनलाइन जॉब फ्रॉड आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही इनसे बचाव के प्रभावी उपाय भी बताए गए।

### सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने की दी सलाह

विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए मजबूत पासवर्ड के उपयोग, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अपनाने तथा ओटीपी, सीव्हीव्ही और यूपीआईपी पिन जैसी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने की सख्त हिदायत दी गई। वहारिक उदाहरणों से किया।

# जीतू पटवारी की मौजूदगी में आज होगा किसान आंदोलन

**नवभारत/ गाडरवारा।** किसानों की विभिन्न समस्याओं और मूंग की समर्थन मूल्य पर शत-प्रतिशत खरीदी की मांग को लेकर किसान कांग्रेस के आह्वान पर आज 10 जुलाई को गाडरवारा में विशाल किसान आंदोलन एवं एसडीएम कार्यालय घेराव का आयोजन किया जाएगा। आंदोलन का नेतृत्व मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी करेंगे। आंदोलन के तहत दोपहर 12 बजे किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता नई गल्ला मंडी में एकत्रित होंगे। इसके बाद विशाल रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया जाएगा तथा किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आंदोलन की प्रमुख मांगों में मूंग की फसल की 100 प्रतिशत




समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करना, किसानों की लंबित समस्याओं का शीघ्र निराकरण, कृषि उपज का उचित मूल्य, फसल संबंधी परेशानियों का समाधान तथा किसानों को राहत प्रदान करने जैसी मांगें शामिल हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने जिले के किसानों, कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए यह आंदोलन महत्वपूर्ण है तथा सभी किसानों की भागीदारी आवश्यक है। आयोजकों का दावा है कि आंदोलन में बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे और किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासन के समक्ष जोरदार तरीके से अपनी बात रखी जाएगी।